अमर उजाला 21/10/2022

# यूथ फेस्टिवल में विद्यार्थियों ने लूटी वाहवाही, बटोरी तालियां, ग्रुप सॉन्ग, इंडियन ऑक्रेस्ट्रा इंवेट में भी बांधा समां

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। आर्य गर्ल्ज कॉलेज छावनी में चल रहे तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन हरियाणवी नाटक व इंडियन ऑरकेस्ट्रा आधारित प्रतियोगिताओं की धूम रही।

मंच पर बिखरी हरियाणवी संस्कृति की छटा और विद्यार्थियों ने प्रतिभा दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस दौरान उत्साहित दर्शक भी गीतों पर झूमते दिखाई दिए। इस दौरान हरियाणा विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। विभिन्न सांस्कृतिक मुकाबलों के अंतर्गत हरियाणवी सॉन्ग श्रेणी में **एसडी कॉलेज** ने पहला, आर्य गर्ल्ज कॉलेज **अंबाला छावनी** ने दूसरा व जीएमएन कॉलेज छावनी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. अनुपमा आर्य व मैनेजमेंट के पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मुहिम बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ के कारण आज प्रदेश से भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों में कमी आई है।

इस अवसर पर समाज सेवी अनुभव अग्रवाल और जोगिंद्र मोहन बतौर सम्मानित अतिथि और हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक दिनेश शास्त्री व योग एसोसिएशन के चेयरमैन राजिंद्र विज भी मौजूद रहे।

इस दौरान विद्यार्थियों कीग्रुप सॉन्ग, हिंदी व हरियाणवी नाटक, वन एक्ट प्ले, मिमिक्री व इंडियन ऑक्रेस्ट्रा इंवेट में शानदार प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।



जोनल यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। संदीप कुमार/संवाद

## आमने-सामने रहे एसडी व जीएमएन कॉलेज



कॉलेज के छह नंबर वैन्यू में चल रहे हरियाणवी सॉन्ग में केवल एसडी कॉलेज अंबाला छावनी व जीएमएन कॉलेज की टीमों ने ही भाग लिया। दोनों टीमें आमने-सामने थी। लेकिन निर्णय एसडी कॉलेज के पक्ष में आने पर जीएमएन कॉलेज की तरफ से ऑब्जेक्शन लगा दिया गया। उन्होंने नतीजों पर सवाल खड़े कर दिए। अब कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की ज्यूरी शुक्रवार को बैठेगी और इसका निर्णय लेगी।

## यह रहे परिणाम

- **हिंदी भाषण प्रतियोगिता :** गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-1 पंचकूला प्रथम, एसएमएमडी गवर्नमेंट संस्कृत महाविद्यालय पंचकूला द्वितीय व गवर्नमेंट कॉलेज अंबाला छावनी तृतीय।
- **पॉप सॉन्ग हरियाणवीं** - एसडी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम व जीएमएन पीजी कॉलेज अंबाला छावनी द्वितीय।
- **क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो (पी)** - एसडी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, जीएमएन पीजी कॉलेज अंबाला छावनी द्वितीय व गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-1 पंचकूला तृतीय।
- **क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो (एनपी)** - एसडी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-1 पंचकूला द्वितीय व एसए जैन कॉलेज छावनी तृतीय।
- **सिम्पोसियम** - गवर्नमेंट कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, डीएवी कॉलेज अंबाला शहर ने द्वितीय व एसडी कॉलेज तृतीय।
- **फॉक इंस्ट्रूमेंट हरियाणवी सोलो** - गवर्नमेंट कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, राजीव गांधी गवर्नमेंट कॉलेज साहा द्वितीय व एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर तृतीय।
- **रसिया ग्रुप डांस** - डीएवी कॉलेज अंबाला शहर प्रथम, एसडी कॉलेज अंबाला छावनी ने द्वितीय व एसए जैन कॉलेज अंबाला शहर तृतीय।
- **हरियाणवी हिंदी नाटक** - जीएमएन पीजी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, एसडी कॉलेज अंबाला छावनी द्वितीय व गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वूमेन तृतीय।
- **कार्टूनिंग** - गवर्नमेंट कॉलेज सेक्टर-1पंचकूला प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वूमेन शहजादपुर ने द्वितीय व गवर्नमेंट कॉलेज अंबाला छावनी ने तृतीय।



मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए लोग।




हरियाणवी सॉन्ग में एसडी कालेज की विजेता टीम मंच पर प्रस्तुति देते हुए। संवाद




अंबाला छावनी के आर्य गर्ल्स कालेज में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। संवाद